>

Title: Need to set up a bench of High Court in Udaipur, Rajasthan --Laid.

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) : महोदय, राजस्थान का उदयपुर संभाग आदिवासी जनसंख्या बहुल्य है एवं यहां के निवासी आर्थिक रूप से कमजोर व पिछड़े हैं। राजस्थान में उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर है एवं दूसरी खंडपीठ जयपुर में है, जो उदयपुर संभाग के दूरस्थ क्षेत्र कुशनगढ़ व अरनोद तहसील से करीब 550 कि0मी0 दूर है। इतना ही नहीं ये क्षेत्र सीधी बस या रेल सेवा से जुड़े हुए नहीं हैं।

न्याय की मंशा है कि सबको सस्ता व सुलभ न्याय मिले जो इस क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है। इसका कारण उदयपुर संभाग मुख्यालय में उच्च न्यायालय की खंडपीठ का न होना है।

मैं इस अत्यंत लोक महत्व के बिन्दु की ओर माननीय विधि मंत्री जी का ध्यान आकर्Âित कर आग्रह करता हूं कि राजस्थान के जनजातीय जनसंख्या बाहुल्य उदयपुर संभाग की जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने हेतु उच्च न्यायालय की खण्डपीठ की स्थापना हेतु आदेश प्रदान करावें।